1301299761 1301299761 1301299761 1301299761

12
99
761

Space for Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

उत्तर पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और द्वितीय प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर पत्रक के दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं द्वितीय प्रति को अलग नहीं करें। वीक्षक द्वारा उत्तर पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, द्वितीय प्रति को मूल प्रति से कट लाईन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौपेंगे। परीक्षार्थी द्वितीय प्रति को अपने साथ ले जायें।



वनरक्षक भर्ती परीक्षा – 2020
दिनांक – 12/11/2022 (प्रथम पारी) (morning)
प्रात: 10 से 12 बजे

# प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

| | |
|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : 16 | |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : 100 | |
| अवधि / Duration : 2.00 घंटे / Hours | पूर्णांक / Maximum Marks : 100 |

# 130A

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Number: 1301299761

## INSTRUCTIONS

1. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. Candidate will himself be responsible for filling wrong Roll No.
2. At the start of the examination, before attempting the question paper kindly check your test booklet and O.M.R. Answer Sheet and ensure that:

* The serial numbers of test booklet and O.M.R. answer sheet are same.
* All pages of test booklet and O.M.R. answer sheet are properly printed. All questions from S. No. 1 to last S. No. 100 are printed and pages from S. No. 1 to last S. No. 16 are there in the question booklet.

In case of any discrepancy/defect the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of test booklet and O.M.R answer sheet. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination. Candidate will be liable for it.

3. Answer all questions.
4. All questions carry equal marks.
5. Only one answer is to be given for each question.
6. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
7. Negative marking is applied, one third (1/3) of the marks allotted to the question will be deducted for every wrong answer. Wrong answer shall mean an incorrect answer or multiple answers..
8. Each question has four alternative responses marked serially as (A), (B), (C), (D). Candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
9. Use of Mobile Phone/ Bluetooth Devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material is found with any candidate, strict action will be taken by the Board against him/her as per rule.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English version of the question, the English version will be treated as standard.

**Warning** : If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under Section 3 of the **State Prevention of Unfair Means Act, 1992** and Board Regulations. Board may also debar him/her permanently from all future examinations of the Board.

## निर्देश

1. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नंबर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रश्न–पत्र हल करने से पूर्व, परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की भली–भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि:

* प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के क्रमांक एक समान हैं।
* प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न–पत्र पुस्तिका में प्रश्न सं. 1 से अन्तिम क्रमांक 100 तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार 1 से 16 तक मौजूद हैं।

किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

3. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जावेगा।
7. ऋणात्मक अंकन देय है, प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न पर आवंटित अंकों का एक तिहाई (1/3) काट लिया जाएगा। गलत उत्तर का अर्थ होगा अनुचित उत्तर या एक से अधिक उत्तर।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं, जिन्हें क्रमश: (A), (B), (C), (D) अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से गहरा करना है।
9. मोबाईल फोन/ब्लूटूथ डिवाइस अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध बोर्ड द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।
10. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेज़ी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न का अंग्रेज़ी रूपान्तरण मान्य होगा।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और **राज्य अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, 1992** की धारा 3 एवं बोर्ड रेग्यूलेशन के तहत कार्यवाही की जावेगी। साथ ही बोर्ड ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली बोर्ड की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए/ Do not open this test booklet until you are asked to do so.**

12
99
761


1. If $x = \frac{(1+i)}{\sqrt{2}}$, then $x^6 + x^4 + x^2 + 1 =$

(A) (1 - i) (B) (1 + i)
(C) 1 (D) 0

2. A train is running at a uniform speed of 60km/hr. It passes a railway platform in 15 seconds. If the length of the platform is 130m, then the length of train is -

(A) 160 m (B) 120 m
(C) 140 m (D) 250 m

3. In the diagram, O is the centre of circle. PS is the tangent of the circle at S and ∠OSQ= 50°. Find ∠SPR –




(A) 10° (B) 20°
(C) 50° (D) 40°

4. 'A' lent ₹ 5000 to 'B' for 2 years and ₹ 3000 to 'C' for 4 years on simple interest at the same rate of interest and received ₹ 2200 in all from both of them as interest. The rate of interest per annum is -

(A) 5% (B) 7%
(C) $7\frac{1}{8}$% (D) 10%

5. When $(x^4 - 3x^3 + 2x^2 - 5x + 7)$ is divided by (x-2), then the remainder is -

(A) 0 (B) -3
(C) 2 (D) 3

6. The average age of 8 students is 11 years. If 2 more students of age 15 and 17 years join, then their average will become -

(A) 13 years (B) 12 years
(C) 14 years (D) 15 years

7. 10 men can complete a piece of work in 15 days and 15 women can complete the same work in 12 days. If all 10 men and 15 women work together, in how many days will the work be completed?

(A) $6\frac{2}{3}$ days (B) $8\frac{1}{3}$ days
(C) $7\frac{2}{3}$ days (D) $6\frac{1}{3}$ days


1. यदि $x = \frac{(1+i)}{\sqrt{2}}$, तो $x^6 + x^4 + x^2 + 1 =$

(A) (1 - i) (B) (1 + i)
(C) 1 (D) 0

2. एक रेलगाड़ी 60 कि.मी./घण्टा की एक समान चाल से चल रही है। यह 15 सेकंड में एक रेलवे प्लेटफॉर्म को पार करती है। यदि प्लेटफार्म की लंबाई 130 मीटर है, तो ट्रेन की लंबाई है –

(A) 160 मीटर (B) 120 मीटर
(C) 140 मीटर (D) 250 मीटर

3. आरेख में, O वृत्त का केंद्र है। PS, S पर वृत्त की स्पर्श रेखा है और ∠OSQ= 50°, ∠SPR ज्ञात कीजिए –




(A) 10° (B) 20°
(C) 50° (D) 40°

4. A ने B को 5000₹ 2 वर्ष के लिए और 3000₹ C को 4 वर्ष के लिए साधारण ब्याज पर समान ब्याज दर पर उधार दिए और उन दोनों से कुल मिलाकर 2200₹ ब्याज के रूप में प्राप्त किए। प्रति वर्ष ब्याज की दर है –

(A) 5% (B) 7%
(C) $7\frac{1}{8}$% (D) 10%

5. जब $(x^4 - 3x^3 + 2x^2 - 5x + 7)$ को (x-2) से विभाजित किया जाता है, तो शेषफल होता है –

(A) 0 (B) -3
(C) 2 (D) 3

6. 8 छात्रों की औसत आयु 11 वर्ष है। यदि 15 और 17 वर्ष की आयु के 2 और विद्यार्थी सम्मिलित हों, तो उनका औसत होगा –

(A) 13 वर्ष (B) 12 वर्ष
(C) 14 वर्ष (D) 15 वर्ष

7. 10 पुरुष एक कार्य को 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं और 15 महिलाएं उसी कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकती हैं। यदि सभी 10 पुरुष और 15 महिलाएं एक साथ कार्य करें, तो कार्य कितने दिनों में पूरा होगा?

(A) $6\frac{2}{3}$ दिन (B) $8\frac{1}{3}$ दिन
(C) $7\frac{2}{3}$ दिन (D) $6\frac{1}{3}$ दिन



8. The product of two numbers is 6760 and their H.C.F. is 13. How many such pairs can be formed?

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) Only one


9. If we multiply a fraction by itself and divide the product by the square of its reciprocal, the fraction thus obtained is $18\frac{26}{27}$. The original fraction is -

(A) $\frac{8}{27}$ (B) $2\frac{2}{3}$
(C) $1\frac{1}{3}$ (D) $1\frac{1}{2}$

10. Which number should replace both the '*' in $\left(\frac{*}{21}\right) \times \left(\frac{*}{189}\right) = 1$?

(A) 21 (B) 63
(C) 3969 (D) 147

11. In the figure, if CD||EF||AB, then find the value of x –




(A) 70° (B) 90°
(C) 110° (D) 120°

12. ₹ 252 is divided among A, B and C such that share of A is equal to $\frac{5}{7}^{th}$ of sum of shares of B and C and share of B is equal to $\frac{5}{9}^{th}$ of sum of shares of A and C. Share of C is equal to -

(A) ₹ 105 (B) ₹ 90
(C) ₹ 57 (D) ₹ 45

13. A reduction of 20% in the price of sugar enables a housewife to purchase 6 kg more sugar for ₹ 240. What is the original price per kg of sugar?

(A) ₹ 10 per kg (B) ₹ 8 per kg
(C) ₹ 6 per kg (D) ₹ 5 per kg

14. Two medians PS and RT of Δ PQR intersect at G at right angles. If PS = 9cm and RT = 6 cm, then the length of RS is -

(A) 10 cm (B) 6 cm
(C) 5 cm (D) 3 cm

8. दो संख्याओं का गुणनफल 6760 है और उनका महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) 13 है। ऐसे कितने जोड़े बन सकते हैं?

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) केवल एक


9. यदि हम किसी भिन्न को स्वयं से गुणा करें और गुणनफल को उसके व्युत्क्रम के वर्ग से भाग दें, तो प्राप्त भिन्न $18\frac{26}{27}$ है। मूल भिन्न है –

(A) $\frac{8}{27}$ (B) $2\frac{2}{3}$
(C) $1\frac{1}{3}$ (D) $1\frac{1}{2}$

10. $\left(\frac{*}{21}\right) \times \left(\frac{*}{189}\right) = 1$ में दोनों '*' के स्थान पर कौन सी संख्या आनी चाहिए?

(A) 21 (B) 63
(C) 3969 (D) 147

11. आकृति में, यदि CD||EF||AB, तो x का मान ज्ञात कीजिए –




(A) 70° (B) 90°
(C) 110° (D) 120°

12. 252 ₹ A, B और C में बांटे जाते हैं, ताकि A का हिस्सा, B और C के हिस्सों के योग का $\frac{5}{7}$ वां है और B का हिस्सा, A और C के हिस्सों के योग का $\frac{5}{9}$ वां है। C का हिस्सा बराबर है –

(A) 105 ₹ (B) 90 ₹
(C) 57 ₹ (D) 45 ₹

13. चीनी की कीमत में 20% की कमी एक गृहिणी को 240 ₹ में 6 कि.ग्रा. अधिक चीनी खरीदने में सक्षम बनाती है। चीनी की प्रति कि.ग्रा. मूल कीमत क्या है?

(A) 10 ₹ प्रति कि.ग्रा. (B) 8 ₹ प्रति कि.ग्रा.
(C) 6 ₹ प्रति कि.ग्रा. (D) 5 ₹ प्रति कि.ग्रा.

14. Δ PQR की दो माध्यिकाएँ PS और RT, G पर समकोण पर प्रतिच्छेद करती हैं। यदि PS = 9 से.मी. और RT = 6 से.मी. है, तो RS की लंबाई है –

(A) 10 से.मी. (B) 6 से.मी.
(C) 5 से.मी. (D) 3 से.मी.

15. A trader marks up his goods by 80% and gives discount of 25%. Besides it he weighs 10% less amount while selling his goods. What is the net profit of trader?
(A) 50% (B) 35%
(C) 45% (D) 55%

16. "RADAR" stands for -
(A) Radio Detection and Ranging
(B) Ready Advanced Appliance for Ranging
(C) Range Detection Appliance for Airplane Ranging
(D) Ready Advanced Airplane Ranging

17. Match Column-I (Scientist) with Column-II (Discovery) and select the correct answer using the code given below the columns –

| Column-I | Column-II |
|---|---|
| (a) Goldstein | (i) Atomic theory |
| (b) Chadwick | (ii) Proton |
| (c) J.J. Thompson | (iii) Neutron |
| (d) John Dalton | (iv) Electron |

Code -
(A) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(B) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(i)
(C) (a)-(i), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(ii)
(D) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(ii)

18. Which one of the following is the best example of desiccant?
(A) Silica gel (B) Polystyrene
(C) Sodium chloride (D) Sodium carbonate

19. **Statement I** – Kerosene oil and molten wax gets vapourised during burning and forms flames.
**Statement II** – The substances which vapourise during burning give flames.
**Code -**
(A) Both the statements I and II are individually true and statement II is the correct explanation of statement I
(B) Both the statements are individually true but statement II is not the correct explanation of statement I
(C) Statement I is true, but statement II is false
(D) Statement I is false, but statement II is true

15. एक व्यापारी अपने माल पर 80% अधिक का अंकन करता है और 25% की छूट देता है। इसके अलावा अपना माल बेचते समय वह 10% वजन कम देता है। व्यापारी का शुद्ध लाभ क्या है?
(A) 50% (B) 35%
(C) 45% (D) 55%

16. "RADAR" का पूर्ण रूप है –
(A) रेडियो डिटेक्शन एंड रेंजिंग
(B) रेडी एडवांस्ड एप्लायंस फॉर रेंजिंग
(C) रेंज डिटेक्शन एप्लायंस फॉर एयरप्लेन रेंजिंग
(D) रेडी एडवांस्ड एयरप्लेन रेंजिंग

17. कॉलम–I (वैज्ञानिक) को कॉलम–II (डिस्कवरी) से सुमेलित कीजिए और कॉलम के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए –

| कॉलम–I | कॉलम–II |
|---|---|
| (a) गोल्डस्टीन | (i) परमाणु सिद्धांत |
| (b) चाडविक | (ii) प्रोटॉन |
| (c) जे.जे. थॉम्पसन | (iii) न्यूट्रॉन |
| (d) जॉन डाल्टन | (iv) इलेक्ट्रॉन |

कूट –
(A) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(B) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(i)
(C) (a)-(i), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(ii)
(D) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(ii)

18. निम्नलिखित में से कौन सा जलशुष्कक का सबसे अच्छा उदाहरण है?
(A) सिलिका जेल (B) पॉलीस्टाइरीन
(C) सोडियम क्लोराइड (D) सोडियम कार्बोनेट

19. **कथन I** – मिट्टी का तेल और पिघला मोम जलने के समय वाष्पित होकर ज्वाला का निर्माण करते हैं।
**कथन II** – पदार्थ जो जलने के समय वाष्पित होते हैं ज्वाला देते हैं।
**कूट** –
(A) दोनों ही कथन व्यष्टितः सत्य हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है
(B) दोनों ही कथन व्यष्टितः सत्य हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(C) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है
(D) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है



20. From which part of turmeric, is the turmeric powder obtained?
(A) Dried rhizome (B) Dried root
(C) Direct fruit (D) Seed

21. There are two elements calcium (atomic no. 20) and argon (atomic no. 18) both elements have same mass number 40. These elements are called -
(A) isoneutronic (B) isochloric
(C) isobars (D) isotopes

22. Pungency in chillies is due to the presence of -
(A) Lycopene (B) Capsaicin
(C) Carotene (D) Anthocyanin

23. Pyrheliometer is used for measuring -
(A) sun spots (B) solar irradiance
(C) air temperature (D) temperature of plants

24. Which of the following is a vestigial organ in human body?
(A) Wisdom teeth (B) Spleen
(C) Thyroid (D) Gall Bladder

25. Fibre optic cable used in communication, works on the principle of -
(A) regular reflection of light
(B) diffuse reflection of light
(C) refraction of light
(D) total internal reflection of light

26. Higher cetane number but lower octane number fuel is ideal for which of the following engines?
(A) Petrol engine (B) Diesel engine
(C) Steam engine (D) Heat engine

27. SI Unit of momentum is -
(A) $kgms^{-1}$ (B) $kgm^2s^{-2}$
(C) $kgms^{-2}$ (D) $kgm^{-3}$

28. Addition of ethylene dibromide to petrol -
(A) increases the octane number of fuel
(B) helps elimination of lead oxide
(C) removes the sulphur compound in petrol
(D) serves as a substitute of tetraethyl lead

20. हल्दी के किस भाग से हल्दी पाउडर प्राप्त किया जाता है?
(A) सूखे प्रकंद से (B) सूखे जड़ से
(C) सीधे फल से (D) बीज से

21. कैल्शियम (परमाणु संख्या 20) और आर्गन (परमाणु संख्या 18) दो तत्व हैं, दोनों तत्वों की द्रव्यमान संख्या 40 है। इन तत्वों को कहा जाता है –
(A) आइसोन्यूट्रॉनिक (B) आइसोक्लोरिक
(C) आइसोबार (D) आइसोटोप

22. मिर्च में तीखापन किसकी उपस्थिति के कारण होता है?
(A) लाइकोपीन (B) कैप्साइसिन
(C) कैरोटीन (D) एंथोसायनिन

23. पाइरेलियोमीटर का प्रयोग .............................. को मापने के लिए किया जाता है।
(A) सूर्य के धब्बे (B) सौर विकिरण
(C) हवा का तापमान (D) पौधों का तापमान

24. निम्नलिखित में से कौन मानव शरीर में एक अवशेषी अंग है?
(A) अक्ल दाढ़ (B) प्लीहा
(C) थाइरॉइड (D) पित्ताशय

25. संचार में प्रयुक्त होने वाला फाइबर ऑप्टिक केबल किसके सिद्धांत पर कार्य करता है?
(A) प्रकाश का नियमित परावर्तन
(B) प्रकाश का विसरित परावर्तन
(C) प्रकाश का अपवर्तन
(D) प्रकाश का पूर्ण आंतरिक परावर्तन

26. उच्च सीटेन संख्या लेकिन निम्न ऑक्टेन संख्या वाला ईंधन निम्न में से किस इंजन के लिए आदर्श है?
(A) पेट्रोल इंजन (B) डीजल इंजन
(C) स्टीम (भाप) इंजन (D) हीट (ऊष्मा) इंजन

27. संवेग का SI मात्रक है –
(A) $kgms^{-1}$ (B) $kgm^2s^{-2}$
(C) $kgms^{-2}$ (D) $kgm^{-3}$

28. पेट्रोल में एथिलीन डाइब्रोमाइड मिलाने पर –
(A) ईंधन की ऑक्टेन संख्या बढ़ जाती है
(B) लैड ऑक्साइड के विलोपन में सहायता मिलती है
(C) पेट्रोल में से सल्फर यौगिक हटाता है
(D) टेट्राएथिल लैड के प्रतिस्थापन की तरह कार्य करता है



1301299761

29. Some of the properties of emulsions are -
(I) Emulsions scatter light and thus exhibit Tyndall effect.
(II) Oily emulsions are more viscous than the aqueous emulsions.
Select the correct option -
(A) Only (I) (B) Only (II)
(C) Both (I) and (II) (D) Neither (I) nor (II) is correct

30. In a stress-strain curve, elastic limit is the point -
(A) up to which stress is proportional to strain.
(B) at which elongation takes place without application of additional load.
(C) up to which if the load is removed, original volume & shapes are regained.
(D) at which toughness is maximum.

31. Who has been appointed as the acting Chief Justice of Rajasthan High Court in August 2022?
(A) Justice Shinde Sambhaji Shivaji
(B) Justice Manindra Mohan Shrivastava
(C) Justice Ujjal Bhuyan
(D) Justice Amjad Ahtesham Sayed

32. Under the amendment in the Senior Citizen Pilgrimage Scheme, 2022 by the Government of Rajasthan, the age of the senior citizen should be read as ............... instead of 65 for taking 'helper' along.
(A) 70 (B) 60
(C) 65 (D) 67

33. In July 2022, Rajasthan Government has signed MoU with 11 companies of which country, which will invest Rs 1338 crore?
(A) America (B) France
(C) North Korea (D) Japan

34. 'Mukhyamantri Bal Gopal Yojana' is related to -
(A) Make children of class 1 to 8 aware of the importance of cow
(B) Encourage cow rearers
(C) Providing milk to children from class 1 to 8, two days a week
(D) Promotion of youth in dairy industry

29. पायस के कुछ गुण हैं –
(I) पायस प्रकाश प्रकीर्णन करते हैं और इसलिए ये टिण्डल प्रभाव प्रदर्शित करते हैं।
(II) तैलीय पायस, जलीय पायस की अपेक्षा अधिक विस्कस (चिपचिपे) होते हैं।
सही उत्तर का चुनाव कीजिए –
(A) केवल (I) (B) केवल (II)
(C) दोनों (I) और (II) (D) न तो (I) ना ही (II) सही है

30. तनाव–विकृति वक्र में, लोच सीमा वह बिन्दु है –
(A) जहाँ तक तनाव विकृति के समानुपाती होता है।
(B) जहाँ तक बिना भार लगाए लंबाई में वृद्धि होती है।
(C) जहाँ तक अगर भार हटाया जाए, तो मूल लंबाई और आकार पुनः प्राप्त होता है।
(D) जहाँ कठोरता अधिकतम होती है।

31. अगस्त 2022 में राजस्थान उच्च न्यायालय का कार्यकारी मुख्य न्यायमूर्ति किसे नियुक्त किया गया है?
(A) न्यायमूर्ति शिंदे संभाजी शिवाजी
(B) न्यायमूर्ति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव
(C) न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां
(D) न्यायमूर्ति अमजद एहतेशाम सईद

32. राजस्थान सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना, 2022 में संशोधन के तहत वरिष्ठ नागरिक द्वारा 'सहायक' ले जाने के लिए उम्र 65 के स्थान पर .................. पढ़ी जानी चाहिए।
(A) 70 (B) 60
(C) 65 (D) 67

33. जुलाई 2022 में, राजस्थान सरकार ने किस देश की 11 कंपनियों के साथ एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे 1338 करोड़ रुपए का निवेश होगा?
(A) अमेरिका (B) फ्रांस
(C) उत्तरी कोरिया (D) जापान

34. 'मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना' का संबंध है–
(A) कक्षा पहली से 8 वीं तक के बच्चों को गाय के महत्त्व के बारे में बताना
(B) गाय पालकों को प्रोत्साहन देना
(C) कक्षा पहली से 8 वीं तक के बच्चों को हफ्ते में दो बार दूध उपलब्ध करवाना
(D) डेयरी उद्योग में युवाओं को प्रोत्साहित करना



35. In June 2022, Chief Minister Ashok Gehlot has approved the proposal to name each government school on the name of freedom fighters of which districts?
(A) Jaipur and Jodhpur
(B) Jodhpur and Dungarpur
(C) Bundi and Tonk
(D) Jaipur and Jaisalmer

36. Rajasthan's rank in the process of uploading the programs organized under the Azadi Ka Amrit Mahotsav in March 2022 on the portal of the Ministry of Culture -
(A) seventh (B) fourth
(C) third (D) fifth

37. In May 2022, Chief Minister Ashok Gehlot has approved the REVP policy. The meaning of 'E' in REVP is -
(A) Emission (B) Employment
(C) Electric (D) Empowerment

38. Recently at which place of Rajasthan under the Gobar-Dhan scheme of the Government of India, HPCL has launched its Cow Dung to Compressed Biogas Project?
(A) Sanchore, Jalore (B) Hindoli, Bundi
(C) Khempura, Udaipur (D) Mathania, Jodhpur

39. RTI Portal 2.0 has been launched by which Commission?
(A) State Women and Child Development Commission
(B) Rajasthan Public Service Commission
(C) Rajasthan State Human Rights Commission
(D) State Information Commission

40. For how long has the Rajasthan government extended the tenure of the Chief Minister Rajasthan Economic Transformation Advisory Council?
(A) November 2022 (B) December 2023
(C) September 2023 (D) June 2023

35. जून 2022 में, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किन जिलों के 1-1 राजकीय विद्यालय का नामकरण स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है?
(A) जयपुर व जोधपुर
(B) जोधपुर व डूंगरपुर
(C) बूंदी व टोंक
(D) जयपुर व जैसलमेर

36. मार्च 2022 में, आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों को संस्कृति मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड करने के मामले में राजस्थान का स्थान है –
(A) सातवां (B) चौथा
(C) तीसरा (D) पांचवां

37. मई 2022 में, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने REVP नीति को मंजूरी दे दी है। REVP में E का अर्थ है –
(A) एमिशन (B) एंप्लॉयमेंट
(C) इलेक्ट्रिक (D) एंपावरमेंट

38. हाल ही में राजस्थान के किस स्थान पर भारत सरकार की गोबर–धन योजना के तहत एच.पी.सी.एल. ने गोबर से संपीड़ित बायोगैस परियोजना की शुरुआत की है?
(A) सांचौर, जालौर (B) हिण्डोली, बूंदी
(C) खेंपुरा, उदयपुर (D) मथानिया, जोधपुर

39. आर.टी.आई. पोर्टल 2.0 किस आयोग द्वारा लॉन्च किया गया है?
(A) राज्य महिला एवं बाल विकास आयोग
(B) राजस्थान लोक सेवा आयोग
(C) राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग
(D) राज्य सूचना आयोग

40. राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री राजस्थान आर्थिक परिवर्तन सलाहकार परिषद् का कार्यकाल कब तक के लिए बढ़ा दिया है?
(A) नवंबर 2022 (B) दिसंबर 2023
(C) सितंबर 2023 (D) जून 2023

41. Read the statements carefully -
I. Advocate General has the right to take part in the proceedings of the Legislative Assembly of the State.
II. He is entitled to vote in the Legislative Assembly of the State.
Which of the following is correct?
(A) Only statement I is correct
(B) Only statement II is correct
(C) Both statement I and II are correct
(D) Both statement I and II are incorrect

42. Who among the following was the first leader of opposition of Rajasthan?
(A) Jaswant Singh (B) Laxman Singh
(C) Parasram Maderna (D) Ram Narayan Choudhary

43. Which of the following is not a function of Gram Sabha?
(A) Tribal welfare (B) Rural health
(C) Water planning (D) Census

44. Chief Minister of Rajasthan who was born on the international Women's Day -
(A) Mohanlal Sukhadia (B) Vasundhara Raje
(C) Jagannath Pahadia (D) Ashok Gehlot

45. Which district has maximum Assembly seats in Rajasthan?
(A) Jaipur (B) Alwar
(C) Jodhpur (D) Udaipur

46. State of Udaipur was merged with Rajasthan on -
(A) 18th March, 1948 (B) 18th April, 1948
(C) 30th March, 1949 (D) 30th April, 1949

47. For how many years was Chawand the capital of Maharana Pratap?
(A) 15 (B) 20
(C) 12 (D) 16

48. Nimadi is a sub-dialect of -
(A) Shekhawati
(B) Mewari
(C) Bagadi
(D) Malvi

41. कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए –
I. महाधिवक्ता को राज्य की विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने का अधिकार है।
II. उसे राज्य की विधानसभा में वोट देने का अधिकार है।
निम्न में से कौनसा सही है?
(A) केवल कथन I सही है
(B) केवल कथन II सही है
(C) I व II दोनों कथन सही हैं
(D) I व II दोनों कथन गलत हैं

42. निम्न में से कौन राजस्थान के प्रथम विपक्ष के नेता थे?
(A) जसवंत सिंह (B) लक्ष्मण सिंह
(C) परसराम मदेरणा (D) रामनारायण चौधरी

43. निम्नलिखित में से कौनसा ग्राम सभा का कार्य नहीं है?
(A) जनजाति कल्याण (B) ग्रामीण स्वास्थ्य
(C) जल योजना (D) जनगणना

44. राजस्थान के मुख्यमंत्री जिनका जन्म अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ था –
(A) मोहनलाल सुखाड़िया (B) वसुंधरा राजे
(C) जगन्नाथ पहाड़िया (D) अशोक गहलोत

45. राजस्थान के किस जिले में सबसे अधिक विधानसभा सीटें हैं?
(A) जयपुर (B) अलवर
(C) जोधपुर (D) उदयपुर

46. उदयपुर राज्य का राजस्थान में विलय हुआ था –
(A) 18 मार्च, 1948 को (B) 18 अप्रैल, 1948 को
(C) 30 मार्च, 1949 को (D) 30 अप्रैल, 1949 को

47. चावण्ड, महाराणा प्रताप की कितने वर्षों तक राजधानी रही?
(A) 15 (B) 20
(C) 12 (D) 16

48. निमाड़ी उप–बोली है –
(A) शेखावटी की
(B) मेवाड़ी की
(C) बागड़ी की
(D) मालवी की



49. Which of the following inscription throws light on the writings of Maharana Kumbha?
(A) Kirtistambh Prashasti
(B) Jagannath Rai Prashasti
(C) Raj Prashasti
(D) Rai Singh Prashasti

50. Which of the following statement/s is/are true?
(i) Remains of animal husbandry have been found from Bagore situated on the bank of river Luni.
(ii) Ahad site is related to Neolithic period.
(iii) In Kalibanga, both the fort and the lower city have been found with ramparts.
(A) only (iii) (B) only (ii)
(C) (i) and (ii) (D) (i) and (iii)

51. Select the wrong pair –
**(Cenotaph - Location)**
(1) 84 Pillared Cenotaph - Kota
(2) Brahmin Devta Cenotaph - Mandore
(3) Mama Bhanja Cenotaph - Jaipur
(4) Kunwar Prithiviraj Cenotaph - Kumbhalgarh
(A) 1 and 2 (B) 1 and 3
(C) 1 and 4 (D) Only 1

52. Sudarshangarh fort is another name of which of the following fort?
(A) Taragarh fort (Bundi) (B) Jalore fort
(C) Nahargarh fort (Jaipur) (D) Jaigarh fort (Jaipur)

53. Who is the famous author of 'Bhartiya Prachin Lipimala'?
(A) Gaurishankar Hirachand Ojha
(B) Ramkaran Asopa
(C) Muni Jin Vijay
(D) Vishveshwar Nath Reu

54. In which district of Rajasthan the Shiv temple of Charchoma is located?
(A) Kota (B) Baran
(C) Bundi (D) Jhalawar

49. निम्नलिखित में से कौन सा अभिलेख महाराणा कुम्भा के लेखन पर प्रकाश डालता है?
(A) कीर्ति स्तंभ प्रशस्ति
(B) जगन्नाथ राय प्रशस्ति
(C) राज प्रशस्ति
(D) राय सिंह प्रशस्ति

50. निम्नलिखित में से सत्य कथन है/हैं–
(i) लूनी नदी के किनारे स्थित स्थल बागोर से पशुपालन के अवशेष प्राप्त हुए हैं।
(ii) आहड़ स्थल का संबंध नवपाषाण काल से है।
(iii) कालीबंगा में, दुर्ग तथा निचला नगर दोनों प्राचीर युक्त मिले हैं।
(A) केवल (iii) (B) केवल (ii)
(C) (i) और (ii) (D) (i) और (iii)

51. गलत युग्म चुनिए –
**(छतरी – स्थल)**
(1) 84 खंभों की छतरी – कोटा
(2) ब्राह्मण देवता की छतरी – मण्डोर
(3) मामा भांजा की छतरी – जयपुर
(4) कुंवर पृथ्वीराज की छतरी – कुंभलगढ़
(A) 1 और 2 (B) 1 और 3
(C) 1 और 4 (D) केवल 1

52. सुदर्शनगढ़ का किला निम्नलिखित में से किस दुर्ग का अन्य नाम है?
(A) तारागढ़ दुर्ग (बूंदी) (B) जालौर दुर्ग
(C) नाहरगढ़ दुर्ग (जयपुर) (D) जयगढ़ दुर्ग (जयपुर)

53. 'भारतीय प्राचीन लिपिमाला' के प्रसिद्ध लेखक हैं?
(A) गौरीशंकर हीराचन्द ओझा
(B) रामकरण आसोपा
(C) मुनि जिन विजय
(D) विश्वेश्वरनाथ रेऊ

54. चारचौमा का शिव मंदिर राजस्थान के किस जिले में अवस्थित है?
(A) कोटा (B) बारां
(C) बूंदी (D) झालावाड़



1301299761

55. The correct chronology of the following wars is –
i. First battle of Tarain
ii. Battle of Haldighati
iii. Battle of Diver
iv. Battle of Giri Sumel
**Code -**
(A) (iii), (i), (ii), (iv) (B) (i), (iv), (ii), (iii)
(C) (i), (iii), (iv), (ii) (D) (iii), (ii), (iv), (i)

55. अधोलिखित युद्धों का सही कालानुक्रम है –
i. तराईन का प्रथम युद्ध
ii. हल्दीघाटी का युद्ध
iii. दिवेर का युद्ध
iv. गिरि–सुमेल का युद्ध
**कूट –**
(A) (iii), (i), (ii), (iv) (B) (i), (iv), (ii), (iii)
(C) (i), (iii), (iv), (ii) (D) (iii), (ii), (iv), (i)

56. Dung Ji-Jawahar Ji were from which district?
(A) Jaipur (B) Jodhpur
(C) Sikar (D) Ajmer

56. डूँगजी–जवाहरजी किस जिले के थे?
(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) सीकर (D) अजमेर

57. When was 'Meena Kshatriya Sabha' established?
(A) 1924 (B) 1933
(C) 1944 (D) 1946

57. 'मीणा क्षत्रिय सभा' की स्थापना कब की गई थी?
(A) 1924 (B) 1933
(C) 1944 (D) 1946

58. In which year did Rao Bika establish the city of Bikaner?
(A) 1459 AD (B) 1488 AD
(C) 1539 AD (D) 1388 AD

58. राव बीका ने किस वर्ष बीकानेर नगर की स्थापना की?
(A) 1459 ई. (B) 1488 ई.
(C) 1539 ई. (D) 1388 ई.

59. When is the fair of Baneshwar held?
(A) Shravan Poornima (B) Vaishakh Poornima
(C) Kartik Poornima (D) Magh Poornima

59. बेणेश्वर का मेला कब भरता है?
(A) श्रावण पूर्णिमा (B) वैशाख पूर्णिमा
(C) कार्तिक पूर्णिमा (D) माघ पूर्णिमा

60. Tara Sharma is the famous artist of which of the following dance?
(A) Bhawai (B) Terah Taali
(C) Kachchhi Ghodi (D) Gair

60. तारा शर्मा निम्न में से किस नृत्य की प्रसिद्ध कलाकार हैं?
(A) भवाई (B) तेरह ताली
(C) कच्छी घोड़ी (D) गैर

61. The creation 'Harakeli' composed by Vigraharaja is a -
(A) Drama (B) Novel
(C) Poetry (D) Inscription

61. विग्रहराज रचित रचना 'हरकेली' है –
(A) नाटक (B) उपन्यास
(C) काव्य (D) अभिलेख

62. Lal Nath ji was the saint of which of the following sects?
(A) Gudar Sect (B) Naval Sect
(C) Jasnathi Sect (D) Vishnoi Sect

62. लालनाथ जी निम्नलिखित में से किस संप्रदाय के संत थे?
(A) गूदड़ सम्प्रदाय (B) नवल सम्प्रदाय
(C) जसनाथी सम्प्रदाय (D) विश्नोई सम्प्रदाय

63. Bilada is associated with which folk Goddess?
(A) Sakrai mata (B) Karni mata
(C) Aai mata (D) Jeen mata

63. बिलाडा का संबंध किस लोक देवी से है?
(A) सकराय माता (B) करणी माता
(C) आई माता (D) जीण माता

64. On which part of body the Khungali ornament is worn?
(A) Waist (B) Hand
(C) Nose (D) Neck

64. खुंगाली आभूषण शरीर के किस भाग में पहना जाता है?
(A) कमर (B) हाथ
(C) नाक (D) गला

65. To which painting style did the painter Nisardin and Sahibdin belong?
(A) Bikaner (B) Jaipur
(C) Mewar (D) Bundi

65. चित्रकार निसारदीन और साहिबदीन किस चित्रकला शैली से संबंधित थे?
(A) बीकानेर (B) जयपुर
(C) मेवाड़ (D) बूंदी



66. Panna Meena Kund is located at -
(A) Udaipur (B) Nathdwara
(C) Jaipur (D) Jaisalmer

66. पन्ना मीना का कुंड स्थित है –
(A) उदयपुर में (B) नाथद्वारा में
(C) जयपुर में (D) जैसलमेर में

67. Which of the following lakes of Rajasthan has been included in Ramsar Wetland Convention?
(A) Jaisamand (B) Ana sagar
(C) Sambhar (D) Pachpadra

67. राजस्थान की निम्नलिखित में से कौन सी झील को रामसर वेटलैंड कन्वेंशन में शामिल किया गया है?
(A) जयसमंद (B) आना सागर
(C) सांभर (D) पचपदरा

68. Which of the following (Archeological Site - River) is not correctly matched?
(A) Jodhpura – Sabi (B) Ojhiyana – Khari
(C) Kalibanga – Ghaggar (D) Balathal – Kantali

68. निम्नलिखित में से कौनसा (पुरातात्विक स्थल – नदी) सुमेलित नहीं है?
(A) जोधपुरा – साबी (B) ओझियाना – खारी
(C) कालीबंगा – घग्गर (D) बलाथल – कांतली

69. The temple of which folk deity is located near the bank of river Luni?
(A) Pabuji (B) Tejaji
(C) Mallinath ji (D) Hadbuji

69. किस लोक देवता का मंदिर लूनी नदी के किनारे स्थित है?
(A) पाबूजी (B) तेजाजी
(C) मल्लीनाथ जी (D) हड़बूजी

70. The 'Ragamala' is a famous painting of which style?
(A) Deogarh style (B) Nathdwara style
(C) Chawand style (D) Udaipur style

70. 'रागमाला' किस शैली का प्रसिद्ध चित्र है?
(A) देवगढ़ शैली (B) नाथद्वारा शैली
(C) चावण्ड शैली (D) उदयपुर शैली

71. Who was the editor of 'Aagibaan'?
(A) Jainarayan Vyas (B) Hari Bhau Upadhyaya
(C) Ram Narayan Chaudhary (D) Rishi Dutta Mehta

71. 'आगीबाण' के सम्पादक थे –
(A) जयनारायण व्यास (B) हरिभाऊ उपाध्याय
(C) रामनारायण चौधरी (D) ऋषिदत्त मेहता

72. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below -

| **Tourist Centre** | **District** |
|---|---|
| (a) Jaswant Thada | (i) Udaipur |
| (b) Lalgarh Palace | (ii) Bundi |
| (c) Phool Sagar Palace | (iii) Jodhpur |
| (d) Jagdish Temple | (iv) Bikaner |

**Code -**
(A) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)
(B) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(C) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)
(D) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

72. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिये और सही उत्तर का चयन नीचे दिए कूट से करिये –

| **पर्यटन केन्द्र** | **जिला** |
|---|---|
| (a) जसवन्त थड़ा | (i) उदयपुर |
| (b) लालगढ़ महल | (ii) बूंदी |
| (c) फूल सागर महल | (iii) जोधपुर |
| (d) जगदीश मंदिर | (iv) बीकानेर |

**कूट –**
(A) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)
(B) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(C) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)
(D) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

73. Rajasthan SDG status report is released by -
(A) Directorate of Economics & Statistics
(B) Department of Administrative Reforms Coordination
(C) Directorate of Census Operations, Rajasthan
(D) Department of Skill, Employment and Entrepreneurship

73. राजस्थान की एस.डी.जी. रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की जाती है?
(A) आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय
(B) प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग
(C) जनगणना कार्य निदेशालय, राजस्थान
(D) कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग

74. The duration of Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana is -
(A) 3 years (B) 5 years
(C) 7 years (D) 10 years

75. Read the following statements about climate of Rajasthan and choose the correct code –
(i) The quantity of rainfall decreases from east to west and south to north.
(ii) The daily and annual range of temperature remains high due to abundance of sand.
(iii) The maximum daily temperature touches the mark of 49°C in summer season.
Code -
(A) (i) and (ii) are true
(B) (i) and (iii) are true
(C) (ii) and (iii) are true
(D) (i), (ii) and (iii) are true

76. In context of Bhil's clothing, what is Feta?
(A) A type of men's ornament
(B) A type of head dress (Turban)
(C) A type of clothes of children
(D) A Cloak

77. Consider the following statements and select the correct answer using code given below –
(1) Luni basin is also known as Godwar region.
(2) 'Girwa' is a characteristic feature of Udaipur basin in Mewar region.
(3) Ghaggar plain is located in Churu district.
Code –
(A) 1, 2 and 3 (B) 1 and 2
(C) 2 and 3 (D) 1 and 3

78. Sansi tribal people are mainly found in which district of Rajasthan?
(A) Karauli (B) Dholpur
(C) Alwar (D) Bharatpur

79. Which is not correctly matched?
(A) Aw – Sikar, Churu
(B) Bshw – Barmer, Jalore
(C) Bwhw – Jaisalmer, Western Bikaner
(D) Cwg – South-Eastern areas of Aravalli

74. प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की अवधि है –
(A) 3 वर्ष (B) 5 वर्ष
(C) 7 वर्ष (D) 10 वर्ष

75. राजस्थान की जलवायु के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही कूट चुनिए –
(i) पूर्व से पश्चिम की ओर एवं दक्षिण से उत्तर की ओर वर्षा की मात्रा घटती जाती है।
(ii) रेत की अधिकता के कारण दैनिक व वार्षिक तापान्तर अधिक पाया जाता है।
(iii) ग्रीष्म ऋतु में उच्च दैनिक तापमान 49°C तक पहुंच जाता है।
कूट –
(A) (i) तथा (ii) सत्य हैं
(B) (i) तथा (iii) सत्य हैं
(C) (ii) तथा (iii) सत्य हैं
(D) (i), (ii) तथा (iii) सत्य हैं

76. भीलों के वस्त्रों के संदर्भ में, 'फेटा' है –
(A) पुरुषों का एक प्रकार का आभूषण
(B) एक प्रकार का सिर का वस्त्र (पगड़ी)
(C) एक प्रकार का बालकों का वस्त्र
(D) ओढ़ने वाला मोटा लबादा

77. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिए –
(1) लूनी बेसिन गोड़वार प्रदेश के नाम से भी जाना जाता है।
(2) 'गिरवा' उदयपुर बेसिन की विशिष्ट आकृति है, जो मेवाड़ प्रदेश में है।
(3) घग्गर का मैदान चूरू जिले में स्थित है।
कूट –
(A) 1, 2 और 3 (B) 1 और 2
(C) 2 और 3 (D) 1 और 3

78. सांसी जनजाति के लोग राजस्थान के किस जिले में मुख्य रूप से पाये जाते हैं?
(A) करौली (B) धौलपुर
(C) अलवर (D) भरतपुर

79. कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है?
(A) Aw – सीकर, चूरू
(B) Bshw – बाड़मेर, जालौर
(C) Bwhw – जैसलमेर, पश्चिमी बीकानेर
(D) Cwg – अरावली के दक्षिण–पूर्वी क्षेत्र

1301299761



80. Which breed of cattle is also called the 'Malani'?
(A) Kankrej (B) Rathi
(C) Tharparkar (D) Gir

81. Anandpur Bhukia and Timaran Mata is famous for -
(A) Uranium deposits (B) Lead and Zinc deposits
(C) Gold deposits (D) Asbestos deposits

82. Which type of soil is found in Kota, Bundi, Jhalawar?
(A) Red and Yellow soil (B) Desert soil
(C) Red and Black mixed soil (D) Medium Black soil

83. Aazam and Jajam Print is the famous handicraft of which district in Rajasthan?
(A) Udaipur (B) Chittorgarh
(C) Alwar (D) Jaipur

84. As per 2011 census, which among the following district in Rajasthan did show the lowest sex ratio in 0 to 6 years age group?
(A) Jhunjhunu (B) Banswara
(C) Dungarpur (D) Pratapgarh

85. Black pottery for vases, plates and pots is famous in which district of Rajasthan?
(A) Jaisalmer (B) Alwar
(C) Kota (D) Bikaner

86. Rajasthan Government has recently launched Pilot Projects for Leopard conservation. Which of the following is not included in the Pilot Projects for Leopard?
(A) Jaisamand Sanctuary (Udaipur)
(B) Kumbhalgarh Sanctuary – Raoli Todgarh Sanctuary (Stretch of Aravalli Hills extended from Ajmer to Udaipur)
(C) Jhalana Amagarh Conservation Reserve (Jaipur)
(D) Mansa Mata Conservation Reserve (Jhunjhunu)

80. गोवंश की कौनसी नस्ल 'मालाणी' भी कहलाती है?
(A) कांकरेज (B) राठी
(C) थारपारकर (D) गिर

81. आनन्दपुर भुकिया और तिमारन माता प्रसिद्ध है –
(A) यूरेनियम निक्षेपों हेतु (B) सीसा एवं जस्ता के निक्षेपों हेतु
(C) स्वर्ण निक्षेपों हेतु (D) एस्बेस्टस के निक्षेपों हेतु

82. कोटा, बूंदी, झालावाड़ में कौनसी मृदा पायी जाती है?
(A) लाल एवं पीली मृदा (B) मरुस्थली मृदा
(C) लाल एवं काली मिश्रित मृदा (D) मध्यम काली मृदा

83. आज़म और जाजम प्रिंट राजस्थान के किस जिले का प्रसिद्ध हस्तशिल्प है?
(A) उदयपुर (B) चित्तौड़गढ़
(C) अलवर (D) जयपुर

84. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के निम्न में से किस जिले में 0 से 6 वर्ष के आयु वर्ग में निम्नतम लिंगानुपात था?
(A) झुंझुनू (B) बांसवाड़ा
(C) डूंगरपुर (D) प्रतापगढ़

85. राजस्थान के किस जिले की ब्लैक पॉटरी फूलदानों, प्लेटों और मटकों के लिए प्रसिद्ध है?
(A) जैसलमेर (B) अलवर
(C) कोटा (D) बीकानेर

86. राजस्थान सरकार ने हाल ही में तेंदुए के संरक्षण के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए हैं। निम्नलिखित में से कौन तेंदुआ पायलट प्रोजेक्टों में शामिल नहीं है?
(A) जयसमंद अभ्यारण्य (उदयपुर)
(B) कुंभलगढ़ अभ्यारण्य – रावली टॉडगढ़ अभ्यारण्य (अरावली पहाड़ियों का फैलाव अजमेर से उदयपुर तक फैला हुआ है)
(C) झालाना अमागढ़ संरक्षण रिज़र्व (जयपुर)
(D) मनसा माता संरक्षण रिज़र्व (झुंझुनू)

87. Match the following –

**Project**

(a) Sidhmukh Project
(b) Narmada Project
(c) Jawai Project
(d) Jakham Project

**Place**

(i) Jalore and Barmer
(ii) Pali
(iii) Pratapgarh
(iv) Hanumangarh – Churu

(A) (a)-iii, (b)-iv, (c)-i, (d)-ii
(B) (a)-ii, (b)-iv, (c)-i, (d)-iii
(C) (a)-i, (b)-iv, (c)-iii, (d)-ii
(D) (a)-iv, (b)-i, (c)-ii, (d)-iii

87. निम्नलिखित को मिलाएं –

**परियोजना**

(a) सिद्धमुख परियोजना
(b) नर्मदा परियोजना
(c) जवाई परियोजना
(d) जाखम परियोजना

**स्थान**

(i) जालौर और बाड़मेर
(ii) पाली
(iii) प्रतापगढ़
(iv) हनुमानगढ़ – चूरू

(A) (a)-iii, (b)-iv, (c)-i, (d)-ii
(B) (a)-ii, (b)-iv, (c)-i, (d)-iii
(C) (a)-i, (b)-iv, (c)-iii, (d)-ii
(D) (a)-iv, (b)-i, (c)-ii, (d)-iii

88. Consider the following statement regarding the First Mega Food Park of Rajasthan established in March 2018 and mark correctly –

(i) It was inaugurated by Union Minister Harsimrat Kaur Badal for Food Processing Industries.
(ii) It is known as Smart Mega Food Park.
(iii) It is located at Roopangarh, Ajmer.

(A) i and ii correct (B) Only ii correct
(C) i and iii correct (D) Only iii correct

88. मार्च 2018 में स्थापित राजस्थान के पहले मेगा फूड पार्क के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही को चिह्नित करें –

(i) इसका उद्घाटन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने किया था।
(ii) इसे स्मार्ट मेगा फूड पार्क के नाम से जाना जाता है।
(iii) यह रूपनगढ़, अजमेर में स्थित है।

(A) i और ii सही (B) केवल ii सही
(C) i और iii सही (D) केवल iii सही

89. Patelya, Lalar, Mumal, Bichhiyo are -

(A) Ornaments of Rajasthan
(B) Folk songs of Rajasthan
(C) Folk instruments of Rajasthan
(D) Loknatya of Rajasthan

89. पटेल्या, लालर, मूमल, बिछियो हैं –

(A) राजस्थानी आभूषण
(B) राजस्थानी लोकगीत
(C) राजस्थानी लोकवाद्य
(D) राजस्थानी लोकनाट्य

90. Which battle was called the 'Marathon of Mewar' by Colonel James Tod?

(A) Battle of Haldighati (B) Battle of Kumbhalgarh
(C) Battle of Diver (D) Battle of Gogunda

90. कर्नल जेम्स टॉड ने किस युद्ध को 'मेवाड़ का मैराथन' कहा था?

(A) हल्दीघाटी का युद्ध (B) कुम्भलगढ़ का युद्ध
(C) दिवेर का युद्ध (D) गोगुन्दा का युद्ध

91. The saint who was invited to Fatehpur Sikri by the Mughal Emperor Akbar -

(A) Haridas ji (B) Dadu Dayal ji
(C) Rajjab ji (D) Namdev ji

91. सम्राट अकबर ने किस संत को फतेहपुर सीकरी में आमंत्रित किया था?

(A) हरिदास जी (B) दादू दयाल जी
(C) रज्जब जी (D) नामदेव जी



92. Who gave the title of "Mirza Raja" to Jai Singh – I of Amer?

(A) Jahangir (B) Akbar
(C) Shah Jahan (D) Aurangzeb

92. आमेर के जयसिंह – I को "मिर्ज़ा राजा" की उपाधि किसने दी थी?

(A) जहाँगीर (B) अकबर
(C) शाहजहाँ (D) औरंगज़ेब

93. The plateau of Lasadia is located in -

(A) Udaipur (B) Rajsamand
(C) Jhalawar (D) Banswara

93. लसाड़िया का पठार अवस्थित है –

(A) उदयपुर में (B) राजसमन्द में
(C) झालावाड़ में (D) बांसवाड़ा में

94. In which year Jaipur Metro Rail began commercial services?

(A) 2011 (B) 2013
(C) 2015 (D) 2010

94. जयपुर मैट्रो रेल की व्यावसायिक सेवाओं की शुरुआत किस वर्ष में हुई?

(A) 2011 (B) 2013
(C) 2015 (D) 2010

95. Great Boundary Fault is found in which part of Rajasthan?

(A) South – Eastern (B) South – Western
(C) North – Eastern (D) North – Western

95. महान सीमा भ्रंश राजस्थान के किस भाग में मिलता है?

(A) दक्षिण–पूर्वी (B) दक्षिण–पश्चिमी
(C) उत्तर–पूर्वी (D) उत्तर–पश्चिमी

96. Which Financial Institute is responsible for the development of handicraft in Rajasthan?

(A) RAJSICO (B) RIICO
(C) R.F.C. (D) RIDCOR

96. कौनसा वित्तीय संस्थान राजस्थान के हस्तशिल्प के विकास के लिए उत्तरदायी है?

(A) राजसीको (B) रिको
(C) राजस्थान वित्त निगम (D) रिडकोर

97. Which archaeological place is called 'The Tata Nagar of Ancient India'?

(A) Tilwara (B) Nagari
(C) Raidh (D) Naliyasar

97. वह स्थान, जिसे 'प्राचीन भारत का टाटानगर' कहा जाता है –

(A) तिलवाड़ा (B) नगरी
(C) रैढ़ (D) नलियासर

98. Arrange the following districts of Rajasthan in the correct order from East to West –

(i) Jaisalmer
(ii) Pali
(iii) Ajmer
(iv) Dholpur

**Code-**

(A) (i), (ii), (iii), (iv) (B) (i), (iii), (ii), (iv)
(C) (iv), (iii), (ii), (i) (D) (iv), (ii), (iii), (i)

98. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को पूर्व से पश्चिम की ओर सही क्रम में व्यवस्थित करें –

(i) जैसलमेर
(ii) पाली
(iii) अजमेर
(iv) धौलपुर

**कूट –**

(A) (i), (ii), (iii), (iv) (B) (i), (iii), (ii), (iv)
(C) (iv), (iii), (ii), (i) (D) (iv), (ii), (iii), (i)

99. In which city of Rajasthan Urs of Punjab Shah celebrated?

(A) Alwar (B) Hanumangarh
(C) Ajmer (D) Ganganagar

99. पंजाब शाह का उर्स कहाँ मनाया जाता है?

(A) अलवर (B) हनुमानगढ़
(C) अजमेर (D) गंगानगर

100. The proverb for Rajasthan related to famine is "*Teejo Kuriyo, Aathwon Kaal*". In this what is meant by *'Kuriyo'*?

(A) Full Famine (B) Semi Famine
(C) Trikal (D) Panchkaal

100. राजस्थान के लिए कहावत अकाल से संबंधित है 'तीजो कुरियो, आठवों काल'। इसमें 'कुरियो' का क्या अर्थ है?

(A) पूर्ण अकाल (B) अर्द्ध अकाल
(C) त्रिकाल (D) पंचकाल

---